दिनांकः 02.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव का सातवां और अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न–लोगों को अब चार जून को आने वाले नतीजों का इंतज़ार।
- मतगणना को लेकर देशभर में व्यापक इंतज़ाम–चुनाव आयोग ने राज्यों को मुहैया कराए सुरक्षा बल।
- प्रदेश में मौसम के बदलने से कई स्थानों पर आंधी बारिश–प्रचंड गर्मी से मिली कुछ राहत।
- टी–20 क्रिकेट विश्व कप आज से शुरु।

देश में 18वीं लोकसभा के चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी हो गयी है। कल सातवें और अंतिम चरण में 62 दशमलव तीन–छह प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर वोट डाले गए। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 9, बिहार की 8, ओडिशा की 6, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और चंडीगढ़ की 1 संसदीय सीट शामिल हैं। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी, भाजपा नेता अनुराग ठाकुर, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और विक्रमादित्य सिंह, राजद नेता मीसा भारती और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के नाम प्रमुख हैं।

मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब सबकी नजर चार जून को आने वाले नतीजों पर टिकी है। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। आयोग के अनुसार, मतगणना के रुझान और नतीजे निर्वाचन आयोग की वेबसाइट रिजल्ट्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन और वोटर हेल्पलाइन ऐप पर उपलब्ध होंगे।

प्रदेश में भी मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के साथ बागीदौरा विधानसभा उप चुनाव के मतों की गिनती के लिए राज्यभर में 29 मतगणना केन्द्र बनाये गये हैं। मतगणना केन्द्रों में व्यवस्थाओं और सुविधाओं को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किये गये हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए बचाव के सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया है।

मतगणना स्थलों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति, कूलर, एसी की व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता के साथ मीडिया सेंटर में भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचन विभाग ने मतगणना की वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कवरेज करवाने और वोटों की गिनती की सीसीटीवी कवरेज नामित प्रतिनिधियों को दिखाने के लिए टीवी मोनिटर की व्यवस्था करने को कहा है। राज्य में 4 जून को सूखा दिवस घोषित किया गया है। इसके साथ ही अफवाहों को रोकने तथा मतगणना के बाद जुलुस, वाहन रैली जैसे आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गये हैं।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव के बाद किसी भी प्रकार की संभावित हिंसा को रोकने के लिए राज्यों को केंद्रीय सुरक्षा बल उपलब्ध कराए हैं। आयोग ने यह निर्णय राज्यों और केंद्रीय पर्यवेक्षकों के आकलन के आधार पर लिया। आंध्रप्रदेश और पश्चिम बंगाल में मतगणना के बाद 15 दिनों के लिए सुरक्षा बल उपलब्ध कराए गए हैं। उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में मतगणना के दो दिन बाद तक सुरक्षा बल तैनात रहेंगे।

राजस्थान हाईकोर्ट में कल से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान आपराधिक मामलों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए विशेष बैंचों का गठन गया है। जोधपुर मुख्यपीठ में चार बैंच बनायी गयी हैं। आवश्यकता होने पर मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ या एकलपीठ का गठन भी किया जा सकता है।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी के बीच कल राहत की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई शहरों में कल दोपहर बाद मौसम पलटा और धूलभरी आंधी चलने के साथ बरसात हुई। जयपुर, चूरू, सीकर, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ सहित करीब आधा दर्जन शहरों में बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। इस दौरान कई स्थानों पर 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चली। आंधी–बारिश के चलते अधिकांश शहरों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हमारी हनुमानगढ़ संवाददाता ने बताया कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बीच दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया। झुंझुनूं में दिनभर के गर्मी के बाद शाम को आसमां में काली घटाएं छा गयी और रुक रुक कर बारिश हुई। बारिश के दौर से आमजन के साथ पशु–पक्षियों को भी भीषण गर्मी से राहत मिली। नीमकाथाना सहित शेखावाटी क्षेत्र के अन्य जिलों में भी मौसम के पलटने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। राजधानी जयपुर के कई इलाकों में देर शाम हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने भीषण गर्मी से सुकून महसूस किया। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि वहां कुछ जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। वहीं कुछ स्थानों पर अंधड़ से नुकसान पहुंचा।

.............

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि चार जून के बाद प्रदेश के पश्चिमी जिलों में फिर से तापमान में बढोतरी होने की संभावना है।

.............

पांच जून को मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के सिलसिले में जागरुकता बढ़ाने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से कई कार्यक्रम रखे गये है।। इस कड़ी में कल विश्व साइकिल दिवस के मौके पर जयपुर में 'वुमेंस साइक्लोथॉन' का आयोजन किया जाएगा। मंडल के सदस्य सचिव ने बताया कि साइकिल रैली सुबह साढे पांच बजे जवाहर लाल नेहरू मार्ग से शुरू होगी। इधर, पर्यावरण प्रेमियों के लिए पर्यावरण दिवस से पहले खुशी की खबर है। सरहदी जिले जैसलमेर में राज्य पक्षी गोडावण की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हाल ही में वॉटर होल पद्धति की गणना में सुदासरी और रामदेवरा में 64 गोडावणों की गिनती के बाद अब क्षेत्र में दो नन्हे गोडावणों के साथ छह अंडे भी दिखाई दिये हैं।

...............

टी–20 क्रिकेट विश्व कप आज से अमरीका के डलास में शुरु हो गया है। टूर्नामेंट का पहला मैच कनाडा और अमरीका के बीच खेला जा रहा है। कनाडा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अमरीका को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया है। टूर्नामेंट में बीस टीमें हिस्सा ले रही हैं। मेज़बान अमरीका पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा है। प्रतियोगिता के कुछ मैच वेस्टइंडीज़ में होंगे। प्रतियोगिता के एक अहम मुकाबले में 9 जून को न्यूयॉर्क में परम्परागम प्रतिद्वंद्वि भारत और पाकिस्तान के मैच पर दुनियाभर के खेल प्रेमियों की नजर टिकी है।